# सांस्कृतिक महोत्सवः चौथे दिन पलक और यश ने सुर्खियां बटोरीं



गुरुवार को केआर मंगलम यूनिवर्सिटी में चल रहे सांस्कृति महोत्सव में शानदार प्रदर्शन करने के बाद उत्साहित विद्यार्थी।

**सोहना।** केआर मंगलम यूनिवर्सिटी में विश्वविद्यालय आयोजित पांच दिवसीय अंतर विश्वविद्यालय सांस्कृतिक महोत्सव नवोदित कलाकारों के लिए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक महोत्सव के चौथे दिन 8 प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। जिसमें से हरियाणा आईडल, फार्म टू फोक, प्रिंट मीडिया एडवरटाइजिंग, नुक्कड़ नाटक प्रमुख रहे।

गुरुवार को सोहना स्थित केआर मंगलम यूनिवर्सिटी में चल रहे सांस्कृतिक महोत्सव का चौथ दिन था। चौथे दिन हरियाणा आईडल एक नई सोच और एक नई उमंग के साथ यूनिवर्सिटी द्वारा शुरू किया गया है। जिसका निर्देशन अरुण गर्ग ने किया। इसमें बाहर के कई यूनिवर्सिटी और कॉलेज के बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के विजेता रहे केआर मंगलम यूनिवर्सिटी के यश, वहीं दूसरा स्थान एसजीटी यूनिवर्सिटी के दीपक ने प्राप्त किया। अन्य आकर्षण स्कूल ऑफह्यूमैनिटीज द्वारा आयोजित प्रिंट माध्यम एडवरटाइजिंग कम्पटीशन था। प्रतियोगिता को एसजेएमसी की डॉ. किरण बाला और स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के डॉ रजत गेरा ने जज किया।

# केआर मंगलम यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में बिखेरा जलवा, जीते पुरस्कार

**आज तक गुड़गांव/ललित जिंदल**



**सोहना,** सोहना-गुरुग्राम मार्ग पर स्थित केआर मंगलम यूनिवर्सिटी में पर्व सा माहौल बना हुआ है। यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी आयोजित प्रतियोगिता में अपनी कला का बखूबी प्रदर्शन करने तालियां बजवाने में लगे हैं। जिनकी यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा सम्मानित भी किया जाता है। उक्त महोत्सव शुक्रवार को सम्पन्न होगा। गुरुवार को भी कुल 8 प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं।जिनमें विद्यार्थियों ने अपने हुनर व कला का जोरदार प्रदर्शन किया। ऐसी प्रतियोगिताओं में हरियाणा आईडल, फार्म टू फोक, प्रिंट मीडिया एडवरटाइजिंग, नुक्कड़ नाटक प्रमुख थे। हरियाणा आईडल एक नई सोच व उमंग के साथ यूनिवर्सिटी द्वारा शुरू किया था। जिसका निर्देशन अरुण गर्ग ने किया था। जिसमें काफी संख्या में यूनिवर्सिटी के बच्चों ने हिस्सा लिया था। उक्त प्रतियोगिता में केआर मंगलम यूनिवर्सिटी के छात्र यश ने प्रथम व एसजीटी के दीपक ने दूसरा स्थान हासिल किया है। इसके अलावा प्रिंट मीडिया एडवरटाइजिंग प्रतियोगिता में एसजेएमसी की पलक मदान ने पहला व मनीषा गुप्ता ने दूसरा तथा जेकेबीएस की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता में डॉक्टर किरण बाला व डॉक्टर रजत धेरा ने जज की भूमिका निभाई। नुक्कड़ नाटक में नूपुर टीम ने प्रथम व टीम मानसी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। जिनको यूनिवर्सिटी द्वारा सम्मानित किया जाएगा। शुक्रवार को प्रतियोगिता का समापन होगा। जिसमें विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा।

# केआर मंगलम यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में बिखेरा जलवा

जगत क्रान्ति ▶▶ ललित जिंदल



**सोहना :** सोहना-गुरुग्राम मार्ग पर स्थित केआर मंगलम यूनिवर्सिटी में पर्व सा माहौल बना हुआ है। यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी आयोजित प्रतियोगिता में अपनी कला का बखूबी प्रदर्शन करने तालियां बजवाने में लगे हैं। जिनको यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा सम्मानित भी किया जाता है। उक्त महोत्सव शुक्रवार को सम्पन्न होगा। गुरुवार को भी कुल 8 प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं। जिनमें विद्यार्थियों ने अपने हुनर व कला का जोरदार प्रदर्शन किया। ऐसी प्रतियोगिताओं में हरियाणा आईडल, फार्म टू फोक, प्रिंट मीडिया एडवरटाइजिंग, नुक्कड़ नाटक प्रमुख थे। हरियाणा आईडल एक नई सोच व उमंग के साथ यूनिवर्सिटी द्वारा शुरू किया था। जिसका निर्देशन अरुण गर्ग ने किया था। जिसमें काफी संख्या में यूनिवर्सिटी के बच्चों ने हिस्सा लिया था। उक्त प्रतियोगिता में केआर मंगलम यूनिवर्सिटी के छात्र यश ने प्रथम व एसजीटी के दीपक ने दूसरा स्थान हासिल किया है। इसके अलावा प्रिंट मीडिया एडवरटाइजिंग प्रतियोगिता में एसजेएमसी की [illegible] मदान ने पहला व मनीषा गुप्ता ने दूसरा तथा जेकेबीएस की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता में डॉक्टर किरण बाला व डॉक्टर रजत घेरा ने जज की भूमिका निभाई।

# आर मंगलम विश्वविद्यालय में हुआ संगीत प्रतियोगिता का आयोजन



**सोहना, 24 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/अशोक गर्ग।** शिक्षा के क्षेत्र में नित्य नई ऊंचाई को छूते हरियाणा के गुरुग्राम स्थित राष्ट्र के आर मंगलम विश्वविद्यालय में फरवरी को स्कूल ऑफ मेडिकल एंड एलाइड साइंसेज द्वारा गत वर्षो की तरह इस वर्ष भी एक भव्य अंतर-विश्वविद्यालय संगीत प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

व्यक्तित्व एवं चरित्र निर्माण हेतु संचालित हुए इस अतिरिक्त पाठ्यचर्या गतिविधि कार्यक्रम हरियाणा आइडल प्रतियोगिता में देश के अलग-अलग विश्वविद्यालय और शैक्षणिक संस्थाओं के प्रतिभागी छात्रों और छात्राओं ने हिस्सा लिया. इस प्रतियोगिता की शुरूवात के आर एम यू के रजिस्ट्रार ग्रुप कैप्टेन पी महाजन और सिल्की शेठी (सह आचार्य) ने द्वीप प्रजलित कर की।

प्रतिभागियों ने भी अपने जोरदार प्रतिभा का परिचय देते हुए मधुरमय आवाज और मनोहक अंदाज से मन को मुग्ध करने वाली मनोरंजक और शानदार प्रस्तुति दी. गजल-प्रेमी स्कूल ऑफ मेडिकल एंड अलाएड साइंसेज के संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ) अरुण गर्ग के साथ साथ एस एम ओ सी के प्रोफेसर (डॉ) रजत गेडा (संकाय अध्यक्ष) और सह-आचार्य गुरुबीर खेड़ा ने मनोरंजक करते हुए प्रतिभागियों को संगीत की बारीकियों के टिप्स देने के साथ साथ उनका मनोबल बढ़ा चढ़ा कर इस कार्यक्रम में एक अहम और जिम्मेदार ज्यूरी सदस्य की भूमिका निभाई।

प्रोफेसर अरुण गर्ग ने संवादाता को बताया की अलग अलग चरणों में हुए इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों में मुकाबला काफी नजदीक का और कड़ा रहा. इस कार्यक्रम का समापन में के आर मंगलम के विश्वविद्यालय के यश शर्मा को प्रथम पुरस्कार, एस जी टी विश्वविद्यालय के दीपक को द्वितीय पुरस्कार जबकि तृतीय पुरस्कार से अरावली कॉलेज के मृत्युंजय और के आर मंगलम के विश्वविद्यालय के क्रिस्टोफर को सामूहिक तौर पर पुरुस्कृत किया गया।

# केआर मंगलम अंतर-विश्वविद्यालय सांस्कृतिक महोत्सव के चौथे दिन पलक और यश  ने सुर्खियां बटोरीं



**सोहना 24 फरवरी चंदन**

केआर मंगलम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किया जा रहा पांच दिवसीय अंतर विश्वविद्यालय सांस्कृतिक महोत्सव नवोदित कलाकारों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बेहतरीन मंच साबित हो रहा है। सांस्कृतिक महोत्सव के चौथे दिन 24 फरवरी को कुल 8 प्रतियोगिताएं आयोजित हुई जिसमे से हरियाणा आईडल. ऋद्गष्4ष्यद्द द्धथ्रह्र-द्धद्वद्दद्गष्4ष्यद्द, फार्म टू फोक, प्रिंट  मीडिया एडवरटाइजिंग,  नुक्कड़ नाटक  प्रमुख थे। हरियाणा आईडल एक नई सोच और एक नई उमंग के साथ यूनिवर्सिटी द्वारा शुरू किया गया है। जिसका निर्देशन श्री अरुण गर्ग ने किया। इसमें बाहर के कई यूनिवर्सिटी और कॉलेज के बच्चों ने भाग लिया। ईस प्रतियोगिता के विजेता रहे के आर मंगलम यूनिवर्सिटी के यश वही दूसरा स्थान एसजीटी यूनिवर्सिटी के दीपक ने प्राप्त किया। चौथे दिन का एक अन्य आकर्षण स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज द्वारा आयोजित प्रिंट माध्यम एडवरटाइजिंग कम्पटीशन था। प्रतियोगिता को एसजेएमसी की डॉ. किरण बाला और स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के डॉ रजत गेरा ने जज किया। इस प्रतियोगिता में एसजेएमसी की पलक मदान ने प्रथम पुरस्कार जीतकर सुर्खियां बटोरीं। मनीषा गुप्ता ने दूसरा और जेकेबीएस की टीम एसेस ने तीसरा स्थान हासिल किया।  दिन के दौरान एसओएलएस द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता को धर्मवीर सिंह, राजीव रंजन और थॉमस मोंटेरो ने जज किया। नूपुर टीम ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया जबकि टीम मानसी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# केआर मंगलम के पांच दिवसीय अंतर-विवि सांस्कृतिक महोत्सव का समापन

पायनियर समाचार सेवा। सोहना




केआर मंगलम यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को पांच दिवसीय सांस्कृति समारोह के समापन अवसर पर विजेता प्रभागियों के नाम बोलते हुए।

**शुक्रवार** को केआर मंगलम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पांच दिवसीय इंटर यूनिवर्सिटी कल्चरल महोत्सव का धूमधाम से समापन हो गया। समापन दिवस का मुख्य आकर्षण रांदेवू नृत्य प्रतियोगिता और वसंत वाइब्स फैशन शो रहे। जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

रांदेवू प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रो वाइस चांसलर प्रोफेसर (डॉ) पुष्प लता त्रिपाठी ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा, हर कोई अलग अलग क्षेत्र में बढ़िया होता है। सबके अंदर अलग अलग काबिलियत होती है। और आज इस नृत्य प्रतियोगिता में सब अपने कला का प्रदर्शन करेंगे। नृत्य प्रतियोगिता में पहली प्रतिभागी प्रीती रही। जिन्होंने भारतीय शास्त्रीय नृत्य से खूबसूरत शुरुआत की। दूसरी प्रतिभागी सोनम श्रीवास्तव ने भी शानदार प्रदर्शन किया। ललित, कनिका मेहता, प्रियंका और पलक सबने एक से बढ़ कर अपनी नृत्य की प्रतिभा दिखाई।

स्कूल ऑफ़ मेडिकल एंड अलाइड साइंसेज के डीन डॉ. अरुण गर्ग और चाइनीज के प्रोफेसर राजीव रंजन ने भी बीच में अपने सुरीले आवाज से गाने की कुछ पंक्तियां सुना कर माहौल में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम को डॉ. कनुप्रिया और डॉ. मीना भंडारी ने जज किया।

फैशन शो की थीम सीजन ट्रेल्स थी। प्रतियोगिता को डॉ. किरण बाला और डॉ. तान्या गुप्ता ने जज की भूमिका निभाई। अंतिम दिन फोटोग्राफी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें एसजेएमसी के छात्रों ने खूब सुर्खियां बटोरी। एसजेएमसी के अमन सैनी ने पहला और धारा चावला ने तीसरा स्थान हासिल किया।

# धूमधाम से मनाया पांच दिवसीय अंतर, विश्वविद्यालय सांस्कृतिक महोत्सव




**सोहना, 25 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/अशोक गर्ग।** केआर मंगलम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पांच दिवसीय इंटर यूनिवर्सिटी कल्चरल महोत्सव 25 फरवरी को धूमधाम से संपन्न हुआ। समापन दिवस का मुख्य आकर्षण रांदेवू नृत्य प्रतियोगिता और वसंत वाइब्स फैशन शो रहे जिसमे विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रांदेवू प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रो वाइस चांसलर प्रोफेसर (डॉ) पुष्प लता त्रिपाठी ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा, हर कोई अलग अलग क्षेत्र में बढ़िया होता है। सबके अंदर अलग अलग काबिलियत होती है। और आज इस नृत्य प्रतियोगिता में सब अपने कला का प्रदर्शन करेंगे। नृत्य प्रतियोगिता में पहली प्रतिभागी प्रीती रही जिन्होंने भारतीय शास्त्रीय नृत्य से खूबसूरत शुरूआत की। दूसरी प्रतिभागी सोनम श्रीवास्तव ने भी काफी शानदार प्रदर्शन किया। ललित, कनिका मेहता, प्रियंका और पलक सबने एक से बढ़ कर अपनी नृत्य की प्रतिभा दिखाई। स्कूल ऑफ मेडिकल एंड अलाइड साइंसेज के डीन डॉ अरुण गर्ग और चाइनीज के प्रोफेसर राजीव रंजन ने भी बीच में अपने सुरीले आवाज से गाने की कुछ पंक्तियां सुना कर माहौल में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम को डॉ. कनुप्रिया और डॉ मीना भंडारी ने जज किया। फैशन शो की थीम 'सीजन ट्रेल्स' थी। प्रतियोगिता को डॉ. किरण बाला और डॉ तान्या गुप्ता ने जज किया। अंतिम दिन फोटोग्राफी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें एसजेएमसी के छात्रों ने खूब सुर्खियां बटोरी। एसजेएमसी के अमन सैनी ने पहला और धारा चा[illegible] तीसरा स्थान हासिल किया।

# केआर मंगलम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पांच दिवसीय अंतर-विश्वविद्यालय सांस्कृतिक महोत्सव धूमधाम से संपन्न




**सोहना 25 फरवरी चंदन**

केआर मंगलम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पांच दिवसीय इंटर यूनिवर्सिटी कल्चरल महोत्सव 25 फरवरी को धूमधाम से संपन्न हुआ। समापन दिवस का मुख्य आकर्षण रांदेवू नृत्य प्रतियोगिता और वसंत वाइब्स फैशन शो रहे जिसमे विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रांदेवू प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रो वाइस चांसलर प्रोफ़ेसर (डॉ) पुष्प लता त्रिपाठी ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा, हर कोई अलग अलग क्षेत्र में बढ़िया होता है। सबके अंदर अलग अलग काबिलियत होती है। और आज इस नृत्य प्रतियोगिता में सब अपने कला का प्रदर्शन करेंगे। नृत्य प्रतियोगिता में पहली प्रतिभागी प्रीती रही जिन्होंने भारतीय शास्त्रीय नृत्य से खूबसूरत शुरुआत की। दूसरी प्रतिभागी सोनम श्रीवास्तव ने भी काफी शानदार प्रदर्शन किया। ललित, कनिका मेहता, प्रियंका और पलक सबने एक से बढ़ कर अपनी नृत्य की प्रतिभा दिखाई। स्कूल ऑफ़ मेडिकल एंड अलाइड साइंसेज के डीन डॉ अरुण गर्ग और चाइनीज के प्रोफेसर राजीव रंजन ने भी बीच में अपने सुरीले आवाज़ से गाने की कुछ पंक्तियां सुना कर माहौल में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम को डॉ. कनुप्रिया और डॉ मीना भंडारी ने जज किया। फैशन शो की थीम 'सीजन ट्रेल्स' थी। प्रतियोगिता को डॉ. किरण बाला और डॉ तान्या गुप्ता ने जज किया। अंतिम दिन फोटोग्राफी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें एसजेएमसी के छात्रों ने खूब सुर्खियां बटोरी। एसजेएमसी के अमन सैनी ने पहला और धारा चावला ने तीसरा स्थान हासिल किया।

# केआर मंगलम विश्वविद्यालय में तनाव प्रबंधन शिविर का आयोजन

**अशोक गर्ग, गुड़गांव टुडे**

**सोहना।** चेतना सोसाइटी, केआर मंगलम विश्वविद्यालय द्वारा हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट के सहयोग से 26 फरवरी 2022 को ग्राम को गोद लेने के सी. एस. आर. प्रोग्राम के अंतर्गत तनाव प्रबंधन शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर विवेक भारती सीनियर सेकेंडरी विद्यालय, ग्राम- घमरोज, सोहना रोड गुरुग्राम में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को मानसिक तनाव से मुक्ति के लिए आयोजित किया गया। इस शिविर में चेतना सोसाइटी, के. आर. मंगलम विश्वविद्यालय के संयोजक डा. रुचीका यादव, डा. अंशुल सलूजा, डा. पूजा वत्स, डा. योगीता राघव, राजीव रंजन के साथ हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट के प्रशिक्षक यतीन्द्र वशिष्ठ और दिनेश चौधरी ने भाग लिया। के. आर. मंगलम विश्वविद्यालय के चेतना सोसाइटी के विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में उत्साहवर्धक भागेदारी दिखाई। कार्यक्रम का आरम्भ डा. रुचिका यादव ने तनाव और इससे मुक्ति के उपायों पर चर्चा व ध्यान की उपयोगिता से की। उन्होंने समग्र सुखमय जीवन, मानव मूल्यों, सामाजिक सौहार्द एवं शांति के साथ भाईचारा और स्वस्थ जीवन के विषय में बताया, तत्पश्चात यतीन्द्र वशिष्ठ ने इसके सम्बन्ध में ह्रदय और मन की चर्चा तथा हार्टफुलनेस के चार टूल्स के विषय में बताया। उसके बाद डा. रुचिका यादव ने छात्रों एवं शिक्षकों को सहज ध्यान का अनुभव कराया। कुछ छात्रों एवं शिक्षकों ने अपने अनुभव बताये। विद्यालय के अकादमिक डायरेक्टर सी. एम. झा ने अपना अनुभव बताते हुए कहा की व्यक्तिगत अनुभव अच्छा था और इस प्रकार का तनाव रहित अनुभव विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए बहुत उपयोगी है। इस कार्यक्रम में पचास से अधिक छात्रों सहित कई शिक्षकों ने भाग लिया। इस तरह के आयोजन भविष्य में भी करने के संकल्प के साथ शिविर का समापन किया गया।



# तनाव प्रबंधन शिविर का किया आयोजन




**सोहना, (जगमार्ग न्यूज)।** चेतना सोसायटी, केआर मंगलम विश्वविद्यालय द्वारा हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट के सहयोग से 26 फरवरी को ग्राम को गोद लेने के सीएसआर प्रोग्राम के अंतर्गत तनाव प्रबंधन शिविर का आयोजन किया गया। यह शिवर विवेक भारती सीनियर सेकेंडरी विद्यालय, ग्राम-घमरोज, सोहना रोड गुरुग्राम में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को मानसिक तनाव से मुक्ति के लिए आयोजित किया गया। इस शिविर में चेतना सोसाइटी, केआर मंगलम विश्वविद्यालय के संयोजक डॉ. रुचीका यादव, डा. अंशुल सलूजा, डा. पूजा वत्स, डॉ. योगीता राघव, राजीव रंजन के साथ हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट के प्रशिक्षक यतीन्द्र वशिष्ठ और दिनेश चौधरी ने भाग लिया। के. आर. मंगलम विश्वविद्यालय के चेतना सोसायटी के विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में उत्साहवर्धक भागेदारी दिखाई। कार्यक्रम का आरंभ डॉ. रुचिका यादव ने तनाव और इससे मुक्ति के उपायों पर चर्चा व ध्यान की उपियोगिता से की। डॉ. रुचिका यादव ने छात्रों एवं शिक्षकों को सहज ध्यान का अनुभव कराया। कुछ छात्रों एवं शिक्षकों ने अपने अनुभव बताये। विद्यालय के अकादमिक डायरेक्टर सीएम झा ने अपना अनुभव बताते हुए कहा की व्यक्तिगत अनुभव अच्छा था और इस प्रकार का तनाव रहित अनुभ विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए बहुत उपयोगी है। इस कार्यक्रम में पचास से अधि छात्रों सहित कई शिक्षकों ने भाग लिया। इस तरह के आयोजन भविष्य में भी करने के संकल्प के साथ शिविर का समापन किया गया।